# रामेश्वरदास पन्नालाल महिला कॉलेज



**प्रो० (डॉ०) पूनम**
**प्राचार्या**
रामेश्वरदास पन्नालाल महिला कॉलेज
चौचशिकारपुर, पटना सिटी

## (पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की एक अंगीभूत इकाई)

### चौकशिकारपुर, पटना सिटी, पटना-9

Email : info@rmpcollegepatna.ac.in
Website : www.rpmcollegepatna.ac.in
Phone No. : 0612-2641451

## COLLEGE NEWS BULLETIN



**प्रो० आर० के० सिंह**
**माननीय कुलपति**
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना

वर्ष : 1 अंक : 1 अक्टूबर-दिसम्बर 2023 मूल्य : निःशुल्क

## VISION

1. The long term vision of our college is encapsulated in the following statement-
2. To be center of excellence in higher education with an innovative teaching, learning research activities to cater to the academic needs of the students by providing qualitative education making themself sufficient in life.
3. To provide modern education to promote academic excellence with an ethical dimension and inculcate values in the young girl students, enhancing their quality of life.
4. Our main moto is to educate enable and empower young women for promoting gender equality, social justice and enhancing their quality of life and transforming them into responsible citizen with a commitment towards serving humanity.

## MISSION

1. To impart holistic quality education to girl students of unprivileged cross section of society, and empower them with knowledge, skill and competence and make them self-reliant and socially committed citizens of the country.
2. To create a learning ambience in the College, where research and scholarship flourishes.
3. To provide updated knowledge and skill to the girl students to enable them compete in this highly competitive globalized world.
4. To develop overall personality of the girl students to enable them face the fast changing times with dynamism and confidence.
5. To promote art and culture in the College by regularly organizing such events in the campus and by inviting famous experts to inspire the students.
6. To campaign against environmental pollution and to provide best possible protection to all the College members from all kinds of pollution in the campus.
7. The best possible ancient and modern tools and technique of teaching learning should be used to provide updated knowledge and skills, in the globalised world to the girl student of this college who comes from far flung and remote areas.
8. To enable the students to explore the locally available economic resources for their employment and providing support to the society.

**उठो, जागो और तब तक मत रूको,**
**जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाएं**
**- स्वामी विवेकानन्द**

## छात्रों के सर्वांगीण विकास के महत्वपूर्ण आयाम

### Patliputra University Inter College Sports Valedictory Ceremony का आयोजन

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के अन्तर्गत कार्यरत पटना सिटी स्थित प्रतिष्ठित महाविद्यालय रामेश्वरदास पन्नालाल महिला कॉलेज अपने छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु अध्ययन-अध्यापन के साथ ही विविध प्रकार के कार्यक्रमों को आयोजित करता रहता है । इन कार्यक्रमों में महाविद्यालय की छात्रायें भी अति उत्साह के साथ प्रतिभागी बनती है। इसी क्रम में आर०पी०एम० कॉलेज, पटना सिटी में टेबल टेनिस टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था । जिसमें पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के अंतर्गत छः (6) महाविद्यालय ने प्रतियोगिता में भाग लिया था । आर०पी०एम० कॉलेज की छात्रायें उपविजेता रही, वही जे०डी० वीमेंस कॉलेज, पटना विजेता रही । आर०पी०एम० कॉलेज की प्रतिभागी को महाविद्यालय की ओर से पुरस्कृत किया गया था। प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन हेतु दिनांक 26 नवम्बर 2023 को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की ओर से "Patliputra University Inter College Sports Valedictory Ceremony "Prize Distribution Programme जी०जे० कॉलेज रामबाग, बिहटा, पटना में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ० गिरीश चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० आर० के० सिंह के द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया । इस समारोह में आर०पी०एम० कॉलेज की प्राचार्या महोदया प्रो० (डॉ०) पूनम और खेल प्रभारी डॉ० ईना बहन भी अपने महाविद्यालय के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए उपस्थित थी। टेबल टेनिस की टीम लीडर रेहाना रॉय को भी पुरस्कृत किया गया । इस प्रकार के सम-सामायिक कार्यक्रमों से आर०पी०एम० कॉलेज, पटना सिटी के गरिमा में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है ।



## महाविद्यालय की विशेषताएँ

- व्यवसायिक कोर्स BBM एवं BLIS की पढ़ाई
- नियमित वर्ग संचालन
- स्मार्टबोर्ड युक्त कक्षाएँ
- प्रबुद्ध शिक्षकगण
- एकेडमिक कलैन्डर
- ऑनलाइन नामांकन
- ऑनलाइन परीक्षा संबंधी कार्य
- ओटोमेटेड लाइब्रेरी
- आधुनिक सुसज्जित विज्ञान प्रायोगशाला
- ड्रेस कोड
- सोलर ऊर्जा
- रेनवाटर हारवेस्टिंग प्लांट
- E-वेस्ट मेनेजमेंट
- नियमित एन. एस. एस. सक्रियता
- अनुशासित कार्यालय संपादन
- डाइनेमिक वेबसाइट
- नियमित खेलकूद सक्रियता
- नियमित शैक्षणिक कार्यक्रमों का संचालन
- रैम्प की सुविधा
- पूछताछ काउन्टर
- नियमित कैरियर काउन्सिलिंग
- न्यूज बुलेटिन/स्मारिका/शोध-पत्रिका का नियमित प्रकाशन
- Wifi कैम्पस
- सी.सी.टी.वी कैमरा
- पीयर टिचिंग सेल
- हेल्थ सेन्टर
- कैंटीन
- ग्रीन आर्मी
- निःशुल्क कम्प्यूटर ट्रेनिंग
- निःशुल्क योगा ट्रेनिंग
- निःशुल्क हेल्थ चेक-अप
- निःशुल्क जूडो/कराटे ट्रेनिंग
- निःशुल्क आपदा प्रबंधन ट्रेनिंग
- नानंदा ओपन यूनिवर्सिटी का स्टडी सेंटर
- छात्र दरबार
- हर्बल गार्डेन

**संरक्षक**
**प्रो० ( डॉ० ) पूनम**
प्राचार्या

**संपादक**
**डॉ० रजिया नसरीन**
अध्यक्ष, गृह विज्ञान विभाग

**सह संपादक**
**डॉ० अंजु जैन**
अध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग

**संपादक मंडल**
**डॉ० प्रीति कुमारी**
असि० प्रो०, प्राचीन इतिहास एवं एशियाई अध्ययन

**डॉ० मीनु मिंज**
अतिथि व्याख्याता, समाजशास्त्र विभाग

**डॉ० सीमा कुमारी**
अतिथि व्याख्याता, अर्थशास्त्र विभाग

**डॉ० ईना बहन**
अतिथि व्याख्याता, भौतिकी विभाग

# प्राचार्य की कलम से................



देश के विकास में आधी आबादी यानी महिलाओं की अहम भूमिका रही है। महिलाओं को शक्तिशाली बनाने में, शिक्षा का महत्त्वपूर्ण योगदान है। रामेश्वरदास पन्नालाल महिला कॉलेज नारी शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाता रहा है। पूर्वी पटना का यह एक महत्त्वपूर्ण महिला कॉलेज है जहाँ बख्तियारपुर से छात्रा पढ़ने आती है। यह महाविद्यालय पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का एक अंगीपूर्त इकाई है तथा पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में अपना एक अहम स्थान रखता है। महाविद्यालय अपनी स्थापना के उपरांत लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है तथा अपनी परिधि को बढ़ाता जा रहा है, जिनके लिए पारंपरिक पाठ्यक्रमों के अलावे अनेक व्यावसायिक एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम महाविद्यालय द्वारा संचालित किये जा रहे हैं।

महाविद्यालय 18 विषयों में इंटर से स्नातकोत्तर स्तर तक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य के अधययन अध्यापन का मंच प्रदान: करता है। यहाँ BBM एवं BLIS व्यावसायिक कोर्स की पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध है। वर्तमान समय में महाविद्यालय में 17 शिक्षक/शिक्षिकाएँ एवं 7 शिक्षिकेतर कर्मचारीगण कार्यरत है।

11 सितम्बर 2023 को दूसरी बार रामेश्वरदास पन्नालाल महिला कॉलेज में प्राचार्यो के रूप में मैंने यहाँ का कार्यभार ग्रहण किया। महाविद्यालय में योगदान के उपरांत महाविद्यालय का तेजी से विकास करने का मैंने दृढ़ संकल्प लिया और इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ाया।

तेजी से विकास के लिए समुचित सिस्टम को विकसित करने बुनियादी सुविधाओं को अविलंब बहाल करने, शैक्षणिक वातावरण को मजबूत करने एवं अनुशासन इत्यादि पर सर्वाधिक बल दिया परिणामस्वरूप महाविद्यालय के न सिर्फ भौतिक स्वरूप में बदलाव आने लगा बल्कि लगातार विभिन्न शैक्षणिक एवं अन्य कार्यक्रमों के सफल संचालन एवं आयोजन के कारण छात्राओं एवं शिक्षकों का उत्साहवर्द्धन हुआ एवं महाविद्यालय न सिर्फ पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों में बल्कि पूरे राज्य में अपना एक विशिष्ट स्थान बनाता जा रहा है। इस महाविद्यालय को विकास के स्वर्णिम ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए मैं संकल्पित हूँ। महाविद्यालय में साधन सीमित है, ढेरों बाधाएँ है लेकिन आगे बढ़ते जाना ही ध्येय है, क्योंकि 'मंजिलें उन्हें मिलीं जिनके सपनों में जान है, पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों में उड़ान है।'

**प्रो० (डॉ०) पूनम**
**प्राचार्या**

## महाविद्यालय के पदाधिकारीगण



**Dr. Kiran Kumari**
Nodel Officer



**Dr. Razia Nasrin**
IQAC Co-ordinator



**Dr. Anju Jain**
NAAC Co-ordinator & Vocational



**Dr. Sushma**
Proctor



**Dr. Manoj Kumar**
Examination Controller



**Dr. Jayanti Rani**
NSS Program Officer

# Academic & Extra Curricular Activities in Our College







| Date | Programme | Organizing |
|---|---|---|
| 15.09.2023 | एन०एस०एस० फाइलेरिया प्रोग्राम | एन०एस०एस० |
| 31.10.2023 | ई-वेस्ट जागरूकता प्रोग्राम | आई०क्यू०ए०सी० |
| 07.11.2023 | इंटर कॉलेज टेबल-टेनिस टूर्नामेंट प्रोग्राम | स्पोर्टस सेल |
| 08.11.2023 | ई०एल०सी० प्रोग्राम | राजनीति विभाग |
| 09.11.2023 | ई-वेस्ट क्लेक्शन एम०यू० साइन | आई०क्यू०ए०सी० |
| 26.11.2023 | पुरस्कार वितरण समारोह बिहटा में | स्पोर्टस सेल |
| 29.11.2023 | छात्र दरबार | आई०क्यू०ए०सी० |
| 01.12.2023 | एलुमिनाई मीट | सांस्कृतिक विभाग |
| 01.12.2023 | एन०एस०एस० के द्वारा एड्स-डे प्रोग्राम | एन०एस०एस० |
| 23.12.2023 | इनॉग्रल सेरेमनी प्रथम तथा द्वितीय तल्ला | सांस्कृतिक विभाग |
























# फाइलेरिया उन्मूलन जागरूकता अभियान



**दिनांक 15.09.2023 को** फाइलेरिया दिवस के अवसर पर रामशेवरदास पन्नालाल महिला महाविद्यालय पटना सिटी के सेमिनार हॉल में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का संचालन एन० एस० एस० पदाधिकारी डॉ० जयन्ती रानी ने किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० (डॉ०) पूनम ने किया । इस कार्यक्रम में बिहार सरकार के स्वास्थ्य प्रतिनिधि धर्मेन्द्र कुमार और डब्ल्यू०एच०ओ० के प्रतिनिधि विकास कुमार, बच्चू आलम ने फाइलेरिया के संक्रमण, प्रभाव तथा बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी ।

फाइलेरिया देश की सामुदायिक स्वास्थ्य की गंभीर समस्या है । विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार फाइलेरिया दुनिया भर में दीर्घकालिक विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है । यह संक्रमण लिम्फैटिक सिस्टम को नुकसान पहुँचाता है, अगर इससे बचाव न किया जाए तो इससे शारीरिक अंगों में असमान्य सूजन होती है ।

फाइलेरिया एक संक्रामक रोग है जो क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है । इससे बचाव के लिए सरकार द्वारा लोगों को मुफ्त दवा दी जा रही है । सरकार द्वारा घर-घर जाकर दवाओं का सेवन कराने का कार्यक्रम रखा गया ।

बिहार सरकार के फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम जो कि 20 सितम्बर से 6 अक्टूबर तक राज्य में चलेगा । इसकी जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में डॉ० किरण कुमारी, डॉ० नागेन्द्र मिश्रा, डॉ० नीलम कुमारी, डॉ० अंजू जैन, डॉ० रजिया नसरीन, डॉ० सुषमा तथा सभी अतिथि शिक्षकगण उपस्थित रहे ।

# डेंगू नियंत्रण जागरूकता अभियान




दिनांक 23.09.2023 को रामशेवरदास पन्नालाल महिला महाविद्यालय में एनएसएस डे की पूर्व संध्या पर डेंगू नियंत्रण जागरूकता अभियान चलाया गया । कार्यक्रम का संचालन प्रोग्राम पदाधिकारी डॉ० जयंती रानी ने करते हुए कहा कि डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो० (डॉ०) पूनम ने करते हुए कहा कि बाहर जाते समय लंबी बाजू के कपड़े, पैंट और मौजे पहनें । हल्के रंग के कपड़े भी मच्छरों को भगाने में मदद करता है । पीक एक्टिविटी से बचे- सुबह जल्दी और देर दोपहर के दौरान बाहरी गतिविधियों को सीमित करे क्योंकि उस समय मच्छर सबसे अधिक सक्रिय होते हैं । इस मच्छर से बचाव जरूरी है ।

खासकर अपने घर के अंदर और आसपास में गंदा या साफ पानी, चाहे कूलर, एसी, फ्रीज या अन्य किसी भी जगह पानी जमा न होने दे, क्योंकि डेंगू का मच्छर साफ पानी में भी पनपता है ।

उन्होंने डेंगू से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि स्वच्छता में ही भगवान बसते हैं ।

नियमित साफ-सफाई से हम इसको नियंत्रित कर सकते है। इस अवसर पर डॉ० नीलम कुमारी, डॉ० रजिया नसरीन, डॉ० सुषमा, डॉ० नागेन्द्र मिश्रा, डॉ० अंजू जैन, अतिथि शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी तथा एनएसएस की वालेंटियर और छात्राएँ उपस्थित रहीं ।

# ई-कचरे के साकारात्मक प्रबंधन के लिए जागरूकता अभियान




ई-कचरे से तात्पर्य बेकार पड़े इलेक्ट्रॉनिक उपकरण से है । ये आधुनिक समय की एक गंभीर समस्या है, क्योंकि इलेक्ट्रानिक उपकरणों में आर्सेनिक, कोबाल्ट, सीसा, कैडमियम, पारा इत्यादि जैसे क्षतिकारक अवयव होते है । इनमें पर्यावरण तथा स्वास्थ्य पर नाकरात्मक प्रभाव पड़ता है । इसके निपटारे के लिए उचित प्रबंधन की आवश्यकता है । ई-कचरे के उचित प्रबंधन एवं पुनर्चक्रण से हम लाभान्वित भी होते हैं ।

रामेश्वर दास पन्ना लाल महिला महाविद्यालय में 'करो संभव' के साथ 16 अक्टूबर, 2023 को एक एम०ओ०यू० साइन किया गया । इसके तहत 31 अक्टूबर, 2023 को एक जागरूकता प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया और ई-कचरे को इकट्ठा करके उसे 'करो संभव' के स्पेशिलिस्ट अभिषेक कुमार को दिया गया ताकि उसका उचित निवारण व पुनर्चक्रण किया जा सके ।

वातावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिये एक सार्थक प्रयास आर०पी०एम० कॉलेज के प्राचार्या प्रो० (डॉ०) पूनम के द्वारा किया गया । जिसमें महाविद्यालय को प्रमाण-पत्र भी प्राप्त हुआ। इसमें डॉ० अंजू जैन, डॉ० रजिया नसरीन, डॉ० ईना, डॉ० सीमा एवं डॉ० अमोल कुमार ने सक्रिय भूमिका निभायी ।

# ''छात्रों के सर्वांगीण विकास के महत्वपूर्ण आयाम''
# अंतर महाविद्यालय टेबल टेनिस टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन

अंतर महाविद्यालय टेबुल-टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन रामेश्वरदास पन्नालाल महिला महाविद्यालय के द्वारा दिनांक 07.11.2023 को महाविद्यालय प्रांगण में किया गया। इस प्रतियोगिताओं में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के छह: महाविद्यालय ए०एन० कॉलेज, कॉलेज ऑफ कामर्स, जे०डी० वीमेंस कॉलेज, गुरु गोविन्द सिंह कॉलेज, जी०जे० कॉलेज, बिहटा तथा आर०पी०एम० कॉलेज, पटना सिटी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बिहार टेबल टेनिस एसोसिएशन के माननीय उपाध्यक्ष श्री अभय शंकर सिंह के कर कमलों द्वारा किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्या प्रो० (डॉ०) पूनम ने किया। उन्होनें अपने संबोधन में खेल-कूद के महत्व को बताते हुए छात्राओं को खेल भावनाओं के साथ खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। मंच का संचालन डॉ० अंजू जैन के द्वारा किया गया । प्रतियोगिता में जे०डी० वीमेंस कॉलेज विजेता एवं आर०पी०एम० कॉलेज, पटना सिटी ने उपविजेता के रूप में महाविद्यालय का सम्मान बढ़ाया। वही दूसरी ओर पुरूष वर्ग में विजेता के रूप में कॉलेज ऑफ कॉमर्स एवं ए०एन० कॉलेज उपविजेता रहे। पुरस्कार वितरण समारोह में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के स्पोर्ट कोर्डिनेटर डॉ० मुकेश कुमार उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन क्रीड़ा प्रभारी डॉ० ईना बहन ने किया । इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहें ।





# युवा मतदाता जागरूकता अभियान युवा निर्वाचन सप्ताह का आयोजन



दिनांक 08.11.2023 को महाविद्यालय के युवा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके अन्तर्गत ''निर्वाचन साक्षरता क्लब'' (ELC) का गठन भी किया गया । इस क्लब के द्वारा कॉलेजों के छात्राओं को निर्वाचन से संबंधित गतिविधियों से अवगत कराने के उद्देश्य से मंच का निर्माण किया गया है ।

चुनाव आयोग के अनुसार देश भर के उच्च शिक्षण संस्थानों में 4.5 करोड़ छात्र 18-19 साल के है लेकिन मतदाता सूची में इस आयुवर्ग के सिर्फ 1.25 करोड़ छात्र ही निबंधित है । इसी वजह से कॉलेजों को क्लब से जोड़कर युवा और भावी वोटर्स में चुनावी जिज्ञासा जगाई जा रही है । इस कार्यक्रम में लगभग 50 छात्राओं ने भाग लिया । कार्यक्रम की नोडल ऑफिसर राजनीतिक शास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ० नीना कुमारी रही । Campus Ambassador के लिए BLIS की छात्रा ब्यूटी कुमारी का चयन किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण कार्यक्रम का संचालन डॉ० अंजू जैन तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ० नागेन्द्र मिश्र जी ने किया

## पूर्ववर्ती छात्राओं ने मचाया धमाल Alumni Meet 2023

दिनांक 01.12.2023 को रामेश्वरदास पन्नालाल महिला महाविद्यालय की पूर्ववर्ती छात्राओं का मिलन समरोह, मंगल तालाब परिसर स्थित रामदेव महतो सभागार में आयोजित हुआ। इसका उद्घाटन महापौर सीता साहू, वार्ड पार्षद तारादेवी, पाटलिपत्र विश्वविद्यालय के DSW प्रो० (डॉ०) ए.के. नाग एवं प्राचार्या प्रो०(डॉ०) पूनम ने किया। महाविद्यालय की स्थापना 1970 में हुई है। इस अवसर पर पूर्ववर्ती छात्राओं न 54 दीप जला कर इसे प्रदर्शित किया कि यह महाविद्यालय 54 वर्षो से ज्ञान का प्रचार और प्रसार कर रहा है। इस मौके पर छात्राओं के संग पूर्ववर्ती छात्राओं एवं शिक्षकों ने भी रंगारंग कार्यक्रम कर धमाल मचाया।

अपने अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्या प्रो. (डॉ.) पूनम ने बताया कि पूववर्ती छात्र एसोसियेशन का भारत सरकार के द्वारा पंजीयन कराया गया है तथा उन्होंने पूर्ववर्ती छात्रों को महाविद्यालय के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस असवर पर पूर्ववर्ती शिक्षक, महाविद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षेत्तर कर्मचारी को सम्मानित किया गया।

इस पूर्ण कार्यक्रम के आयोजन हेतु पूर्ववर्ती सेवानिवृत्त शिक्षिका डॉ० प्रेमबदा गौर ने आर्थिक योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ० रजिया नसरीन, डॉ० अन्जु जैन एवं पूर्ववर्ती छात्रा सरोज जायसवाल के द्वारा किया गया । कार्यक्रम में काफी अधिक संख्या में छात्राएं, शिक्षकगण, शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।




## महाविद्यालय में लगा छात्र दरबार



दिनांक 29.11.2023 को महाविद्यालय के सेमिनार हाल में प्राचार्या प्रो० (डॉ०) पूनम के द्वारा छात्र दरबार लगाया गया। प्राचार्या का यह प्रयास कॉफी सराहनीय रहा। इस दरबार में काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित हुई। छात्राओं ने प्राचार्या के साथ वार्तालाप किया। उन्होंने प्राचार्या के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। प्राचार्या ने भी उस पर विचार किया एवं उसे दूर करने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में सभी शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ० अंजु जैन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ० रजिया नसरीन ने किया।

## NSS



NSS कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. जयंती रानी के द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर दिनांक 01.12.2023 को रामेश्वरदास पन्नालाल महिला महाविद्यालय, पटना सिटी में मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को जागरूक किया गया । इस अवसर पर पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के DSW (प्रो०) डॉ० नाग ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह एचआईवी नाम वायरस के कारण होता है । जो हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देता है । एड्स असुरक्षित यौन संबंधों से, संक्रमित रक्त चढ़ाने से, गर्भवती माता से उसके शिशु को, ड्रग लेने वाले लोगों को संक्रमित सुइयों से फैलता है । उन्होंने बताया कि एड्स छूने, खाना खाने अथवा साथ बैठने से नहीं फैलता ।

प्रचार्या प्रो० (डॉ०) पूनम ने अपने संबोधन में कहा कि एड्स पर संयुक्त राष्ट्र कार्यक्रम के अनुमान यह दिखाते है कि पूरा विश्व एचआईवी संक्रमण को फैलने से रोकने का प्रयास कर रहा है । ताकि इस महामारी को जड़ से मिटाया जा सके। इस अवसर पर शिक्षकेत्तर कर्मचारी, NSS Volunteers और छात्राएँ उपस्थित रही ।

## प्रथम तल्ला और द्वितीय तला का उद्घाटन समारोह



दिनांक 23.12.2023 को रामश्वेरदास पन्नालाल महिला महाविद्यालय, पटना सिटी के आर्टस ब्लॉक के प्रथम तल्ला तथा द्वितीय तल्ला का जिर्णोधार का कार्य पूरा होने पर प्राचार्या प्रो० (डॉ०) पूनम के कर कमलों के द्वारा उद्घाटन किया गया ।

जिर्णोधार के अन्तर्गत सभी विभागों का मरम्मत तथा रंग रोगन किया गया । सभी कक्षाओं में आवश्यकतानुसार टेबल कुर्सी लगाए गए, ब्हाइट बोर्ड तथा नॉटिस बोर्ड की आवश्यकता को पूरा किया गया । सेमिनार हॉल में अतिरिक्त कुर्सियाँ लगाई गयी, कक्षाओं में अलमीरा की आवश्यकताओं को पूरा किया गया । खराब पड़े कम्प्यूटर को ठीक कराया गया। ताकि कक्षा संचालन सुचारू रूप से चले तथा छात्राओं के बहुमुखी विकास में आर०पी०एम० कॉलेज अपना बहुमूल्य योगदान सफलतापूर्वक दे सके ।

उद्घाटन समारोह कि अध्यक्षता प्राचार्या के द्वारा किया गया। इय अवसर पर डॉ० रजिया नसरीन, डॉ० अंजू जैन, डॉ० मनोज, डॉ० इना, डॉ० सीमा, डॉ० अमोल, डॉ० मीनू मिंज तथा छात्राएँ सम्मिलित हुई ।

# खबरों में कॉलेज

## नशा सेंट्रल नर्वस सिस्टम को बुरी तरह प्रभावित करता : डॉ कमले

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



आरपीएम कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एनएसएस की तरफ से जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसमें सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में नशा को कहो न, विषय पर परिचर्चा हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईजीआईएमएस के सहायक निदेशक डॉ कमलेश कुमार ने नशा के शरीर तथा मन पर होने वाले कुप्रभाव के बारे में बताया। डॉ कमलेश ने विभिन्न प्रकार के ड्रग्स कोकिन, हेरोइन आदि सेंट्रल नर्वस सिस्टम को बुरी तरह प्रभावित करता है। नशे का आदी व्यक्ति चाह कर भी नशे से खुद को दूर नहीं कर पाता है। युवाओं को अपने आत्मविश्वास को मजबूत रखने की जरूरत है, तभी हम नशे की लत से दूर रह सकते हैं। इस अवसर पर नेहरू युवा मंच के सदस्यों ने छात्राओं को संबोधित करते हुए विवेकानंद जी की उपलब्धियों को बताया। महाविद्यालय में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोडॉ पूनम ने की। उन्होंने बताया कि युवा वर्ग अपने आत्मविश्वास से ड्रग्स से दूर रह सकते हैं। ड्रग्स यानी नशा हमारे तंत्रिका तंत्र को उत्तेजित कर देता है और मनुष्य को अपना गुलाम बना लेता है। ड्रग्स का आदी व्यक्ति असामाजिक व्यवहार करता है। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस पदाधिकारी डॉ जयंती रानी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ नागेंद्र मि किया। कार्यक्रम में शिक्षक, शिक्ष कर्मचारी, छात्राएं, वालंटियर्स म रहीं। दूसरी ओर स्वामी विवेक सामाजिक, सांस्कृतिक विचार पटना महानगर की ओर से श्री कॉलनी धनखेती, गुरु गोविन्द सिं में स्वामी विवेकानन्द की 161वीं ज युवा सम्मान समारोह का आयो किया गया। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्श लिए महाकाल के ऋषिकेश, करन दूसरे फाउंडेशन के नवनीत, मोहि जुटकर नमन, साहर एवं साहि सम्मलित किया गया।

## पूर्ववर्ती छात्राओं ने कालेज में मचाया धमाल



## एड्स से बचाव को छात्राओं ने मानव श्रृंखला बना किया जागरूक

पटना सिटी (प्राकि)। विश्व एड्स दिवस पर मानव श्रृंखला बना कर आरपीएम कालेज की छात्राओं ने लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू प्रोडॉ एके नाग उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्ष प्राचार्या प्रोडॉ पूनम ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस बीमारी की रोकथाम के लिए सतर्कता बरतनी चाहिए। यह बीमारी छूआछूत से या साथ रहने से नहीं फैलता है। कार्यक्रम का संचालन एनएनएस पदाधिकारी डॉ जयंती रानी ने किया। इस अवसर पर शिक्षकगण डॉ नीलम कुमारी, डॉ नागेंद्र मिश्र, डॉ सुषमा, डॉ रजिया नसरीन, डॉ अंजू जैन एवं शिक्षकेतर कर्मचारी तथा छात्राएं उपस्थित थीं।

## बिहार में खेल और खिलाड़ियों पर ध्यान देने की है जरूरत



टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ करते अतिथि • जागरण

जासं, पटना सिटी : चौकशिकारपुर स्थित आरपीएम कालेज में मंगलवार को अंतर महाविद्यालय टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इसमें ए एन कालेज, कालेज आफ कामर्स, जेडी वीमेंस कालेज, एसजीजीएस कालेज, जीके कालेज बिहटा और आरपीएम कालेज के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन बिहार टेबल टेनिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अभय शंकर सिंह एवं प्राचार्य प्रो. डा. पूनम ने किया। उन्होंने कहा कि बिहार में खेल और खिलाड़ियों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। यहां के छात्र-छात्राओं को अवसर मिले तो कालेज ही नहीं प्रदेश का नाम रोशन करने की क्षमता रखते हैं। मीडिया प्रभारी डा. अंजु जैन ने बताया कि महिला वर्ग में जेडी वीमेंस कालेज की टीम विजयी रही। दूसरे स्थान पर आरपीएम कालेज की छात्राएं रहीं। पुरुष वर्ग में कालेज आफ कामर्स के खिलाड़ी विजयी हुए। ए एन कालेज की टीम उप विजेता रही।

## अंतर महाविद्यालय टेबल टेनिस टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन



पटना सिटी ( आससे )। चौक शिकारपुर स्थित रामेश्वर दास पन्नालाल महिला महाविद्यालय परिसर में मंगलवार को अंतर महाविद्यालय टेबल टेनिस टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के छह महाविद्यालय ए.एन. कॉलेज, कॉलेज ऑफ कॉमर्स, जेडी विमेंस कॉलेज, गुरु गोविंद सिंह महाविद्यालय पटना सिटी, जी.जे कॉलेज बिहटा व आर.पी.एम कॉलेज, पटना सिटी के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उदघाटन बिहार टेबल टेनिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अभय शंकर सिंह फीता काटकर की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बिहार के छात्र –छात्राओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. (डॉ.) पूनम ने की जबकि मंच संचालन डॉ.अंजू जैन ने किया। इस मौके पर प्रमुख अतिथि ने प्रतियोगिता में महिला टीम को विजेता जेडी विमेंस कॉलेज व उपविजेता का खिताब रामेश्वर दास पन्नालाल महिला महाविद्यालय पटना सिटी, पुरुष वर्ग में कॉलेज ऑफ कॉमर्स विजेता एवं उपविजेता का खिताब ए. एन. कॉलेज को दिया. पुरस्कार वितरण समारोह में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार ने प्रतिभागियों के बीच शिल्ड, मेडल एवं कप वितरित किया जबकि गर्ल्स सिंगल रूप में ए. एन कॉलेज शैली कुमारी प्रथम स्थान, जे.डी. विमेंस कॉलेज सरस्वती कुमारी दूसरा, जे.डी.विमेंस कॉलेज शिवानी श्रीवास्तव तीसरा, जे. डी. विमेंस कॉलेज कौशिकी कुमारी चतुर्थ , जे.डी.विमेंस कॉलेज अदिति कुमारी पांचवा । वहीं सिंगल बॉयज में एस.जी. जी.एस कॉलेज पटना सिटी मोहित कुमार प्रथम ,ए. एन. कॉलेज देवांश राज दूसरा, कॉलेज ऑफ कॉमर्स सोभान सुप्रीयो रॉय तीसरा , ए.एन.कॉलेज दावहित्र आर्गन चतुर्थ, ए.एन. कॉलेज उपहार आनंद पांचवा स्थान लिया।

## आरपीएम कॉलेज में हुआ इंटर कॉलेज टेबल टेनिस प्रतियोगिता

### महिला में जेडी विमेंस कॉलेज व आरपीएम कॉलेज और पुरुष में कॉलेज ऑफ कॉमर्स विजेता, एएन कॉलेज उपविजेता

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



आरपीएम कॉलेज में अंतर महाविद्यालय टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसमें पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के छह महाविद्यालय एएन कॉलेज, कॉलेज ऑफ कॉमर्स, जेडी विमेंस कॉलेज, एसजीजीएस कॉलेज, जीजे कॉलेज, बिहटा एवं आरपीएम कॉलेज की छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। खेल का उद्घाटन मुख्य अतिथि बिहार टेबल टेनिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अभय शंकर सिंह ने किया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह बहुत दुख की बात है कि हमारा बिहार स्पोर्ट्स में काफी पीछे है। हम सभी का दायित्व है कि बच्चों को प्रोत्साहित करें एवं उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे लाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रोडॉ पूनम ने करते हुए कहा कि खेल से व्यक्ति में अनुशासन एवं सहयोग की भावना विकसित होती है। उन्होंने छात्राओं को दिल से खेलने की अपील की। कार्यक्रम का आयोजन क्रीड़ा प्रभारी डॉ इना चटर्जी एवं उनकी टीम ने किया। मंच संचालन डॉ अंजू जैन ने किया। प्रतियोगिता के महिला ग्रुप में जेडी विमेंस कॉलेज विजेता और आरपीएम कॉलेज उपविजेता रहे। पुरुष वर्ग में कॉलेज ऑफ कॉमर्स विजेता और एएन कॉलेज उपविजेता रहा। प्रतियोगिता का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी डॉ मुकेश कुमार ने प्रतिभागियों के बीच शील्ड, मेडल एवं कप वितरित किया। सिंगल्स महिला में एएन कॉलेज की शैली कुमारी प्रथम, जेडी विमेंस कॉलेज की सरस्वती कुमारी द्वितीय, जेडी विमेंस कॉलेज की शिवानी श्रीवास्तव तृतीय, जेडी विमेंस कॉलेज की कौशिकी कुमारी चतुर्थ और जेडी विमेंस कॉलेज की अदिति कुमारी ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। पुरुष सिंगल्स में एसजीजीएस कॉलेज पटना सिटी के मोहित कुमार प्रथम, एएन कॉलेज के देवांश राज द्वितीय, कॉलेज ऑफ कॉमर्स के सोभान सुप्रियो रॉय तृतीय, एएन कॉलेज का दावहित्र आर्गन और इसी कॉलेज के उपहार आनंद ने पांचवां स्थान हासिल किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ अमोल कुमार ने किया।

## एनएनएस डे पर डेंगू पर नियंत्रण व बचाव के बारे में बताया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



आरपीएम कॉलेज में एनएसएस डे की पूर्व संध्या पर डेंगू नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका संचालन एनएसएस प्रोग्राम पदाधिकारी डॉ जयंती रानी ने किया। उन्होंने बताया कि इस मौसम में डेंगू का प्रभाव अत्यधिक होता है और नियमित साफ-सफाई से हम इसको नियंत्रित कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोडॉ पूनम ने करते हुए कहा कि फिलहाल इस मौसम में सभी को फुल बांह और नीचे पूरे पैर को ढंकने वाला कपड़ा पहनना चाहिए। डेंगू का मच्छर सवेरे से लेकर धूप के बीच में काटता है। खासकर यह दिन के उजाले में ही सक्रिय होता है। इसलिए इस मच्छर से बचाव जरूरी है। खासकर अपने घर के अंदर और आसपास में गंदा या साफ पानी, चाहे वह कूलर, एसी, फ्रिज या अन्य का हो, जमा न होने दें। क्योंकि डेंगू का मच्छर साफ पानी में भी पनपता है। यदि किसी को तेज बुखार, बदन में दर्द, आंख का लाल होना, शरीर पर दाग निकलना आदि लक्षण हो, तो तुरंत चिकित्सक के पास ले जाया जाना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षकगण डॉ नीलम कुमारी, डॉ रजिया नसरीन, डॉ सुषमा, डॉ नागेंद्र मिश्रा, डॉ अंजू जैन, अतिथि शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी तथा एनएसएस की वालंटियर और छात्राएं उपस्थित रहीं।

## ई-वेस्ट को इकट्ठा कर सौंपा



पटना सिटी (प्राकि)। रामेश्वर दास पन्ना लाल महिला महाविद्यालय में 'करो संभव' के साथ 16 अक्टूबर को एक एमओयू साइन किया गया था। इसके तहत 31 अक्टूबर को जागरुकता प्रोग्राम किया गया और ई-वेस्ट को इकट्ठा करके उसे 'करो संभव' के स्पेशलिस्ट अभिषेक कुमार को दिया गया। वातावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए एक सार्थक प्रयास आरपीएम कॉलेज की प्राचार्या प्रो (डॉ) पूनम के द्वारा किया गया। इसमें डॉ अंजू जैन, डॉ रजिया नसरीन, डॉ इना, डॉ सीमा एवं डॉ अमोल कुमार ने सक्रिय भूमिका निभायी।

## छात्रों की समस्या से रू-ब-रू हुईं प्राचार्या



पटना सिटी (आससे)। चौक शिकारपुर स्थित रामेश्वर दास पन्नालाल महिला महाविद्यालय में छात्र दरबार का आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्या ने छात्रों से रूबरू होकर उनकी समस्या को जाना। छात्र जनता दरबार में छात्राओं ने नियमित पठन-पाठन की सुविधा, कक्षाओं का समय से संचालन, पुस्तकालय, रीडिंग रूम, कैंटीन ...

## आरपीएम कालेज का एलमुनाई मीट एक को

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

रामेश्वर दास पन्ना लाल (आरपीएम) महिला महाविद्यालय का एलमुनाई मीट होना है। यह एक दिसंबर को रामदेव महतो सामुदायिक भवन में होगा। इसके लिए महाविद्यालय में एलमुनाई की अध्यक्ष सरोज जायसवाल और पूर्व वरीय व्याख्याता प्रियंवदा गौर और एलमुनाई सचिव अनिषा की उपस्थिति में डॉ अंजू जैन, डॉ रजिया नसरीन के साथ एलमुनाई मीट की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या (प्रो) डॉ पूनम ने की। इस कार्यक्रम को एक दिसंबर दिन शुक्रवार पूर्वाह्न 10 बजे से शुरू होगा। रामदेव महतो सभागार में रंगारंग कार्यक्रम को उत्साह और उमंग के द्वारा मनाया जाएगा। सभी एलमुनाई से अपील है कि अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। इसके लिए तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## दस्तक प्रभात

हिन्दी दैनिक

### संक्षिप्त खबरें

## युवा निर्वाचन सप्ताह का हुआ आयोजन



दस्तक प्रभात प्रतिनिधि

पटना सिटी। आर.पी.एम. महाविद्यालय के सभागार में निर्वाचन साक्षरता क्लब की ओर से युवा निर्वाचन सप्ताह का आयोजन किया गया, बिहार सरकार के द्वारा' कोई युवा मतदाता न छूटे ' इस कार्यक्रम के लिए निर्वाचन साक्षरता क्लब (E. L. C) का गठन किया गया। जिसकी नोडल ऑफिसर राजनीतिक शास्त्र विभाग की सहायक प्रध्यापक डॉ.नीना कुमारी का चयन हुआ। campus Ambesder के लिए blis की छात्रा ब्यूटी कुमारी का चयन हुआ। इस कार्यक्रम में लगभग 50 छात्राओं ने अपना नाम रजिस्टर करवाया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण डॉ.किरण कुमारी, डॉ.नीलम कुमारी,डॉ. सुषमा, डॉ.जयंती, डॉ.नागेंद्र,डॉ. रजिया नसरीन, डॉ.नीना,डॉ. सीमा कुमारी, डॉ. अमोल, डॉ. दशरथ मंडल, डॉ.मीनू मिंज,डॉ. प्रियंका उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ.अंजू जैन ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ नागेंद्र मिश्र ने किया।

## रि-साइकलिंग से इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट से कीमती धातुओं को लाया जा सकता है वापस



प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। आरपीएम कॉलेज महाविद्यालय में ई वेस्ट मैनेजमेंट का कार्यक्रम 'करो संभव संस्था' के सहयोग से आइक्यूएसी की कोर्डिनेटर डॉ रजिया नसरीन के द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोडॉ पूनम ने की।

इस अवसर पर करो संभव के ई-वेस्ट विशेषज्ञ अभिषेक कुमार द्वारा बताया गया कि इस रि-साइकलिंग प्रक्रिया द्वारा हम इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट से कीमती धातुओं को पुनः वापस ला सकते हैं। इसको दोबारा पैदा नहीं किया जा सकता। इसके अलावा प्रदूषण की समस्या से भी बचा जा सकता है। ई-वेस्ट से हमारे स्वास्थ्य को भी सबसे अधिक नुकसान होता है। प्रोडॉ पूनम ने ई-वेस्ट पर बोलते हुए कहा कि हर महाविद्यालय की छात्राएं अपने घरों से ई-वेस्ट लाएंगी।

जो हम लोग हर महीने में 'करो संभव' द्वारा ई-वेस्ट मैनेजमेंट करेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक डॉ नीलम, डॉ नागेंद्र मिश्र, डॉ रजिया नसरीन, डॉ अंजू जैन, डॉ जयंती रानी, डॉ सीमा, डॉ ईना, डॉ अमोल, डॉ नीरज, अनिशा, मोनी, रुचि, चांदनी आदि उपस्थित थीं। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ अंजु जैन के द्वारा किया गया।

## छात्राओं की समस्याओं को प्राचार्या ने सुना



पटना सिटी रामेश्वर दास पन्ना लाल महिला महाविद्यालय में प्राचार्या प्रो डॉ पूनम ने कॉलेज की छात्राओं की समस्याओं को सुना और समाधान के लिए सुझाव पर मंत्रणा की। छात्राओं ने सेकेंड समेस्टर की कक्षाओं का संचालन कराने के साथ अन्य समस्याओं को प्राचार्या के समक्ष रखा। प्राचार्या ने पुस्तकालय में पढ़ाई करने, कैंटीन में पौष्टिक नाश्ता करने समेत अन्य बिंदुओं को रेखांकित किया। संचालन डॉ नीना कुमारी और धन्यवाद ज्ञापन डॉ नीलम ने किया। मौके पर प्रो डॉ अंजू जैन व छात्राओं में रीना, खुशी, प्राची, सुहानी, मधु, सोनाली, प्रियंका समेत अन्य छात्राएं शामिल हुईं।

## आरपीएम कॉलेज को जमीन उपलब्ध हो तो भवन बन जाएगा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



रामेश्वर दास पन्ना लाल महिला महाविद्यालय की पूर्ववर्ती छात्राओं का एलुमिनाई मीट का आयोजन शुक्रवार को किया गया। रामदेव महतो सामुदायिक भवन में आयोजित एलुमिनाई मीट का उद्घाटन मुख्य अतिथि पटना नगर निगम की महापौर सीता साहू एवं विशिष्ट अतिथि वार्ड पार्षद तारा देवी, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू प्रोडॉ एके नाग, प्राचार्य प्रो.डॉ पूनम, एलुमिनाई की अध्यक्ष सरोज जायसवाल आदि ने दीप जला कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरपीएम कॉलेज की प्राचार्या प्रोडॉ पूनम ने की। कार्यक्रम के दौरान तीनों की एक पीढ़ा स्पष्ट रूप से देखी गई। अतिथियों से लेकर पूर्ववर्ती छात्राओं और वर्तमान में पढ़ाई कर रही छात्राओं के बीच भी एक कसक थी कि कॉलेज में कमी की खासा कमी है। इस कारण से एक साथ सभी कक्षाएं नहीं हो पाता है। कॉलेज का अपना कोई मैदान नहीं है, जिस कारण से उनकी खेल एवं योग से लेकर अन्य गतिविधियां नहीं हो पाती हैं। इंडोर गेम्स भी करना मुश्किल होता है। प्राचार्या सहित पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू प्रोडॉ एक नाग ने कहा कि कॉलेज में पठन-पाठन, सफाई आदि की व्यवस्था सब बेहतर है, मगर एक खास कमी है और वह है जगह की कमी। नगर निगम की महापौर सीता साहू वहां मौजूद हैं। वह इनसे आग्रह करेंगे कि यदि कहीं गैर मजरूआ या नगर निगम की जमीन हो, तो कॉलेज को उपलब्ध कराएं। विश्वविद्यालय प्रशासन उस पर भवन बनाने का काम करेगा। इसके बाद यहां अध्ययनरत छात्राओं का भविष्य संवरेगा। पढ़ाई का और बेहतर वातावरण बनेगा। अनेक पाठ्यक्रम की शुरूआत होगी। साथ ही खेल की गतिविधियां भी शुरू हो सकेंगी। महापौर सीता साहू ने अपने उद्गार में कहा कि कॉलेज बेहतर है। इसके संस्थापक भी स्थानीय हैं और दानदाता परिवार से आते हुए नारी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने काम किया है। श्रीमती साहू ने कहा कि यदि आप लोगों की नजर में कहीं कोई जमीन है, तो बताएं। वह पहल करने का काम करेंगी।

वार्ड पार्षद तारा देवी ने कहा कि कॉलेज का माहौल अच्छा है, अनुशासन भी है। लेकिन जगह की कमी खलती है। यदि जगह उपलब्ध हो जाए, तो विश्वविद्यालय प्रशासन भी भवन बनाने के लिए मदद करने को तैयार है। वह भी अपने स्तर से महापौर से आग्रह करेंगी कि उनके वार्ड में अवस्थित इस महिला कॉलेज के प्रति ध्यान देकर अधिकारियों से जगह चिन्हित कराने का काम करें। प्राचार्य डॉ. प्रो पूनम ने कॉलेज की गतिविधियों और हाल के वर्षों में विभिन्न पाठ्यक्रमों के शुरू होने से लेकर अन्य जानकारी को पूर्ववर्ती छात्राओं और संचारीन अतिथियों के समक्ष रखने का काम किया। महाविद्यालय की पूर्ववर्ती शिक्षिकाओं में संस्थापक शिक्षिका डॉ प्रतिभा कुमारी, डॉ प्रियंवदा, डॉ शोभा देवी, डॉ ज्योत्सना फातमा और डॉ शहनाज फातमा उपस्थित रहीं। इन सभी को सम्मानित किया गयाएलुमिनाई अध्यक्ष सरोज जायसवाल ने कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कॉलेज की छात्राओं ने अपने सीनियर छात्राओं के स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कॉलेज के 53 साल पूरा होने पर इसमें ही दीया पूर्ववर्ती छात्राओं के द्वारा जलाया गया।




कला संकाय




विज्ञान संकाय



कम्प्यूटर रूम



गर्ल्स कॉमन रूम



पुस्तकालय




महाविद्यालय के मेन गेट